दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूं न लिखूं सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र


मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 22 मुरादाबाद 14 May 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## दो बार प्रधानमंत्री बनना काफी नहीं, मैं दूसरी धातु का बना हूं, बोले पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वह अभी मंद नहीं पड़ने वाले हैं। वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस बीच उन्होंने किस विपक्ष के नेता की बात याद करते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि दो बार प्रधानमंत्री बनना ही एक शख्स के लिए काफी है। लेकिन मैं दूसरी धातु का बना हूं। उन्होंने कहा, एक दिन एक बड़े नेता मुझसे मिले। वह अकसर राजनीति में हमारा विरोध करते थे लेकिन मैं उनका सम्मान करता हूं। कुछ मामलों में वह मुझसे खुश नहीं थे और इसीलिए वह मुझसे मिलने आए थे। उन्होंने कहा, मोदी जी, आप दो बार देश के प्रधानमंत्री बन चुके हैं। अब आप और क्या चाहते हैं। उनका विचार था कि अगर कोई दो बार प्रधानमंत्री बन गया तो उसे सब कुछ मिल गया। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, उन्हें पता नहीं है कि मोदी किस धातु का बना है। गुजरात की धरती ने उसे बनाया है। मैं किसी कीम में ढील देने में विश्वास नहीं रखता। मैं यह नहीं सोचता कि जो होना था हो गया, अब आराम करना चाहिए। मेरा सपना है कि सैचुरेशन, शत प्रतिशत लोगों तक जनहित की योजनाओं को पहुंचाना।प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण के दौरान किसी नेता के नाम का जिक्र नहीं किया। हालांकि कुछ दिन पहले एनसीपी नेता शरद पवार उनसे मिलने के लिए आए थे और उन्होंने केंद्र की एजेंसियों को लेकर भी मुद्दा उठाया था। शिवसेना नेता संजय राउत और उनके परिवार के लोगों पर ऐक्शन को लेकर भी उन्होंने चर्चा की थी।

## ओमप्रकाश राजभर फिर धरने पर बैठे, सपा के वरिष्ठ नेता भी पहुंचे, हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग



सुभासपा अध्यक्ष पूर्व मंत्री ओम प्रकाश राजभर पर हमले के बाद सपा और सुभासपा के कार्यकर्ता प्रशासन के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। आक्रोशित कार्यकर्ता शुक्रवार को हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए जिला मुख्यालय सरजू पाण्डेय पार्क में धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया है। सुभासपा अध्यक्ष के हमलावरों की गिरफ्तारी और केस वापस लेना की मांग कर रहे हैं। ओमप्रकाश राजभर के साथ सपा नेता रामगोविंद चौधरी के नेतृत्व में विधायकों समेत सभी जनप्रतिनिधि जुटे हैं और विरोध दर्ज करा रहे हैं।सपा विधायक डॉ. वीरेंद्र यादव का कहना है कि सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर पर उनके क्षेत्र में हमला एक सोची-समझी साजिश है। इसमें भाजपा के लोग शामिल हैं। जमानियां विधायक और पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह ने कहा भाजपा को जिले में मिली करारी हार पच नहीं रही है। इसलिए वह इस तरह की ओछी कृत्य कर रहे हैं। प्रशासन उनकी गिरफ्तारी में हीला हवाली कर कर रहा है। मालूम हो कि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर मंगलवार को गौसलपुर गांव में कुछ युवकों द्वारा अपने ऊपर हमला किये जाने का आरोप लगाया था। हमलावरों के गिरफ्तारी की मांग को लेकर उन्होंने धरना दिया तो उन्हीं पर एफआईआर हो गई थी। इसके बाद शुक्रवार को सुभासपा कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। वाराणसी, चंदौली और आसपास के जिलों से भी सुभासपा और सपा कार्यकर्ता गाजीपुर पहुंचे हैं।

## पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल पर यूपी पुलिस का शिकंजा, बेटा अलीशान दिल्ली से गिरफ्तार



सहारनपुर पुलिस ने शुक्रवार को गैंगस्टर एक्ट में आरोपी खनन माफिया हाजी इकबाल उर्फ बाल्ला के बेटे अलीशान को दिल्ली में लाजपत नगर से गिरफ्तार कर लिया। अलीशान को उसके पिता एवं बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व विधान परिषद सदस्य हाजी इकबाल गिरोह का सक्रिय सदस्य बताया गया है। सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आकाश तोमर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को अलीशान की कई मुकदमों में तलाश थी। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने एसआईटी का भी गठन किया हुआ है। अलीशान की गिरफ्तारी के बाद हाजी इकबाल, उसका भाई पूर्व बसपा एमएलसी महमूद अली और हाजी इकबाल के बेटे जावेद, वाजिद एवं अफजाल भूमिगत हो गए हैं। जिले के मिर्जापुर थाना क्षेत्र में स्थित हाजी परिवार के आवास पर ताले लगे हैं।

## कांग्रेस में 'एक परिवार, एक टिकट' नियम पर बनी सहमति, गांधी परिवार को 'विशेष छूट'; ये बड़े बदलाव भी शामिल





राजस्थान के उदयपुर में तीन दिवसीय विचार-मंथन सत्र से पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन ने कहा कि पार्टी एक परिवार, एक टिकट के नियम पर पूरी तरह से एकमत है। उन्होंने कहा कि इस चिंतन शिविर के बाद पार्टी में बड़े संगठनात्मक बदलाव किए जाएंगे। अजय माकन ने कहा कि कांग्रेस में ''एक परिवार, एक टिकट'' के प्रस्ताव पर पूरी तरह से सहमति है और परिवार के दूसरे सदस्य को कम से कम पांच साल तक संगठन में काम करने पर टिकट मिलेगा। माकन ने कहा, इस प्रस्ताव पर पैनल के सदस्यों के बीच लगभग पूरी तरह से एकमत सहमति है कि पार्टी के नेता अपने परिवार और रिश्तेदारों को टिकट नहीं देंगे। पार्टी नेता यह सुनिश्चित करेंगे कि परिवार या रिश्तेदारों को पार्टी में बिना किसी काम के टिकट न दें, उन्हें टिकट दिए जाने से पहले पार्टी में कम से कम 5 साल तक काम करना होगा। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, यहां तक कि अगर चिंतन शिवर में 'एक परिवार, एक टिकट' नियम को मंजूरी दे दी जाती है, तो शायद ही यह नियम गांधी परिवार पर लागू हो। नेताओं का कहना है कि कांग्रेस सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पर चर्चा की योजना बना रही है और राज्य के चुनावों और 2024 के राष्ट्रीय चुनाव की तैयारी कर रही है। अजय माकन ने कहा, कोई भी व्यक्ति जो लगातार पद पर रहा है उसे पद छोड़ना होगा और उस व्यक्ति के उसी पद पर वापस आने पर तीन साल के कूलिंग पीरियड से गुजरना होगा। उन्होंने कहा कि चिंतन शिविर में यह भी प्रस्ताव रखा गया है कि संगठन में हर स्तर पर 50 प्रतिशत जगह युवाओं को दी जाए। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि ब्लॉक और बूथ समितियों के बीच मंडल समिति बनाने पर सहमति, एक मंडल समिति में 15 से 20 बूथ होंगे। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस में काम करने की व्यवस्था बहुत पुरानी है। इस चिंतन शिविर के माध्यम से इसमें आमूल-चूल परिवर्तन किया जाएगा। चिंतन शिविर के लिए बनी कांग्रेस की संगठन संबंधी समन्वय समिति के सदस्य माकन ने कहा, संगठन का निचला स्तर बूथ समिति का होता है। ब्लॉक समिति के नीचे बूथ आते हैं। लेकिन अब इनके बीच में, मंडल समिति बनाने का प्रस्ताव है। हर मंडल समिति में 15 से 20 बूथ होंगे। इस पर सर्वसम्मति भी है। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर सर्वेक्षण और इस तरह के अन्य कार्यों के लिए पार्टी में पब्लिक इनसाइट डिपार्टमेंट बनाने का भी प्रस्ताव है। माकन ने कहा, इसके अलावा यह भी प्रस्ताव है कि पदाधिकारियों के कामकाजी प्रदर्शन की जांच परख के लिए आकलन इकाई (असेसमेंट विंग) बने ताकि अच्छी तरह काम करने वालों को जगह मिले और काम नहीं करने वालों को हटाया जाए।

# फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र कैंट बांग्ला में के बेटे पर हुआ हमला

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

फर्रुखाबाद -रिहाना खान का आवास है रिहाना खान के पुत्र अंबर खान का अक्सर घर से बाहर मुंबई व अन्य शहरों में बिजनेस के सिलसिले मे आना जाना लगा रहता हैं कल रात अम्बर खान अपने आवास पर बाहर से आए तो तकरीबन 12 दबंग लड़को ने रिहाना खान के आवास पर पहुंचकर हमला बोल दिया सभी दबंग लड़को ने पत्थर बाजी भारी मात्रा में मिलकर की जिसमें 3 फोर व्हीलर गाड़ी को बुरी तरह से धवज कर दिया सफारी गाड़ी के सभी ओर से शिशो को तोड़कर बध हाल बना दिया वही इंडिका गाड़ी को भी चारो तरफ से कुचल दिया इसी तरह से तीसरी फोर व्हीलर गाड़ी को भी पूरी तरह से चकना चूर करदिया जब अम्बर खान ने शोर शराबा की आवाज को सुन कर ष्छ्ल्1 कैमरे पर देखा तो कुछ दबंग लोग पत्थर बाजी कर रहे थे वही अंबर खान में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार





मीणा को अपने मोबाइल से फोन लगाया उनका कहना है फोन रिसीव उनके पी, आर,ओ, ने किया उन्होंने आश्वासन देकर अम्बर को टाल दिया रिहाना खान के पुत्र अम्बर खान बताया पुलिस प्रशासन की हम लोग को कोई सुरक्षा नहीं मिली हमलावर ने काफी देर तक पत्थर बाजी की करने के बाद वहां से भाग गए सुबह होने के बाद अंबर खान ने कोतवाली फतेहगढ़ में इस घटना की ढ्ढह्म् दर्ज कराई वही रिहना खान का कहना है इतनी बड़ी घटना घटने के बाद भी पुलिस प्रशासन ने हमारी अभी तक कोई मदद नहीं की ना कोई हमे सुरक्षा दी गई हम लोग मां-बेटे अकेले रहते हैं हमें जान और माल का खतरा है उन्होंने कहा पुलिस अधीक्षक हमारे नजदीक रहने के बावजूद भी हमारे ऊपर इतनी बड़ी घटना घटी यह काफी शर्मनाक बात है उन्होंने कहा बुजदिल होते हैं वो लोग जो पीछे से हमला करते हैं हमारा बेटा अंबर खान एक शेरनी का बेटा है हमला करना है तो सामने से आकर करो अंबर खान मुंह तोड़ जवाब देगा वही अम्बर खान का कहना है मैं फतेहगड़ चौराहा पर पत्थर वाली मस्जिद का मुतवल्ली हूं कुछ दबंग लोग चाहते हैं कि मुझे जान से मार दीया जाएं और उन लोगों का रास्ता साफ हो जाए बस यहीं दबंग लोग मुझसे और मेरी मां से रंजिश निकाल रहें हैं वह चाहते हैं दोनों को खत्म कर दिया जाए और इनके आवास पर सभी प्रॉपर्टी पर कब्जा कर लिया जाए इसीलिए यह दबंग लोग हमारे साथ आए दिन कोई-न-कोई घटना घटीत करते रहते हैं।

# बिजली विभाग की लापरवाही से ढाका गांव में 6 भैंस की मौत एक घायल

मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



बदायूं- म्याऊं ब्लॉक गांव के ढाका में आज नन्हे यादव लड़का खेत में भैंस चराने ले जा रहा था तभी खेत के पास बना बिजली का कुआं जिस पर 11,000 की बिजली आ रही थी जिससे भैंस ने जैसे ही पानी पिया वैसे ही एकदम 6 भैंस को बिजली ने पकड़ लिया और सभी बहनों की मौके पर मौत हो गई चराने जा रहे हैं लड़का नन्हे ने अपनी भैस को बचाने के लिए पानी में जैसे ही अपना पैर रखा वैसे ही बिजली ने नन्हे को भी पकड़ लिया जिसको ग्रामीणों ने जैसे ही देखा वैसे ही गांव के लोग टूवेल की तरफ दौड़ पड़े और बच्चे को बचा दिया है जिसके लिए गांव वालों ने म्याऊं सरकारी अस्पताल में लाए जोकि डॉक्टरों ने उसको देखने के बाद बदायूं जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया

# जिला सहकारी बैंक का किया जिला परियोजना अधिकारी ने किया समूह की सी सी एल का निरीक्षण

मनोज कुमार पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



बदायूं- जिला सहकारी बैंक शाखा अलापुर में आज जिला परियोजना अधिकारी ने बैंक में आकर समूह की सीसीएल का निरीक्षण किया जिसमें ब्लॉक की तरफ से बी एम एम सलीम जो उपस्थित मिले उन्होंने जिला परियोजना अधिकारी के लिए सभी सीसीएल के बारे में अवगत कराया और उन्होंने बताया की जिसमें समूह की महिलाओं की तरफ से 80 सीसीएल फाइलें आवेदन की गई हैं जिसमें से 21 आवेदन स्वीकृत कर लिए गए हैं निरीक्षण के समय बैंक सखी श्रीमती नीलम देवी उपस्थित थे जिस पर जिले से आए अधिकारी ने एक सखी ना होने पर नाराजगी व्यक्त की और उनका उपस्थिति रजिस्टर चेक किया जिसमें रजिस्टर के लिए सीन करते हुए अनुपस्थिति लगा दी वही बैंक के मैनेजर श्री सत्येंद्र बहादुर सिंह बैंक कैशियर श्री राजीव चौधरी व सहयोगी श्री राम अवतार सिंह यादव उपस्थित मिले जिस पर परियोजना अधिकारी ने बैंक के लिए कर्मचारियों के लिए खुशी जाहिर की और सलीम के लिए सही काम करने का निर्देश दिए

# जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी ने कालपी स्थित कहताहमीरपुर खंड सं 1 का किया औचक निरीक्षण

पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

जालौन-जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पूनम निगम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकुर कौशिक, खान अधिकारी रणवीर, सिंह जिला विकास अधिकारी सुभाष चंद्र त्रिपाठी की संयुक्त टीम ने तहसील कालपी स्थित ग्राम कहटाहमीरपुर खण्ड स0 -1 का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पट्टा धारक द्वारा



अपने स्वीकृत क्षेत्र से बाहर तीन पोकलेन मशीन से बालू/मौरम का खनन कार्य करते हुए पाए गए जिन्हें मौके पर सीज कर पट्टा प्रतिनिधि के अभिरक्षा में दे दिया गया है। उन्होंने पट्टा धारक द्वारा किए गए अवैध खनन पर लगभग 45 लाख रुपए की धनराशि आरोपित कराए जाने की कार्यवाही कराई। उन्होंने ग्राम कहटाहमीरपुर के खण्ड स0-4 में अवैध खनन करते हुए दो पोकलेन मशीन पाई गई जिसमें पूर्व प्रधान छत्रपाल सिंह के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाना आटा में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई। निरीक्षण के दौरान तीन ट्रक बिना प्रपत्र ई-एमएम-11 के उप खनिज का परिवहन करते हुए पकड़े जाने पर वाहन चालक/स्वामियों के विरुद्ध थाना आटा में प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पूनम निगम ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जनपद में किसी भी प्रकार का अवैध खनन भंडारण एवं खनन की अवैध परिवहन पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने समस्त उप जिला अधिकारियों को निर्देशित किया के अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध खनन अवैध परिवहन व भंडारण पर लगातार कार्यवाही की जाए तथा विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त होने वाली अवैध खनन एवं अवैध परिवहन भंडारण की सूचनाओं पर त्वरित कार्यवाही की जाए।

# चिराग डीजे एंड इवेंट्स की तरफ से मिस्टर एंड मिसेज स्पार्कल ऑफ यूपी का ऑडिशन हुआ सम्पन्न

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली- चिराग डीजे एंड इवेंट्स की तरफ से होने वाले कार्यक्रम मिस्टर एंड मिसेज स्पार्कल ऑफ यूपी का एक ऑडिशन का प्रोग्राम रखा गया यह ऑडिशन कृतिका नर्सिंग कॉलेज रिठौरा और KCMT कैंपस 2 में आयोजित किया गया जहाँ कलाकारो ने अपनी प्रतिभा को दिखाकर जज़ो का दिल जीत लिया इस प्रतिभा को तीन खण्डों में विभाजित किया गया जिसमे डांस,सिंगिंग,मॉडलिंग तीनो प्रतिभाएं रखीं गयी इस आयोजन के शो ऑर्गनाइजर मिस्टर करन सिंह जी शो के को-डायरेक्टर एन के चंद्रा जी और जूरी मेंबर मुंबई से आये फ़िल्म डायरेक्टर समीर ज़ैदी जी और अन्य 2 जूरी मेंबर में ईशा सूरी और रितु सिंह जी उपस्थित रहे KCMT कैंपस 2



में जूरी मेंबर में अमित कपूर जी, फ़िल्म निर्देशक शिवम यादव मिस बरेली रही नेहा चावंला जी, बॉलीवुड डांस कोरिओग्राफर मैक्स डी , अनुराग शर्मा मीडिया मैनेजमेंट और टीम मेंबर आयुष गुप्ता जी उपस्थित रहे इस शो MR. & Miss Sparkle of U.P. के बरेली में ऑडिशन की डेट 21 और 22 द्वद्व4 तय की गयी है जो की डी.डी. पुरम में स्टार स्टेप अप डांस अकादमी स्थान पर होगा

# शिया वक्फ बोर्ड अध्यक्ष अली जैदी द्वारा वक्फ संपत्तियों का निरीक्षण किया गया



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली- शिया वक्फ बोर्ड अध्यक्ष अली जैदी द्वारा वक्फ संपत्तियों का निरीक्षण किया गया कर्बला स्वाले नगर कंबो बाग काला इमामबाड़ा आसिफि जमा मस्जिद के प्रबंधकों से जानकारी ली गई मौके पर बरेली वक्फ संपत्तियों में प्रबंधक द्वारा कई कमियां पाई गई वक्फ संपत्तियों के ऊपर भू माफियाओ ने अवैध कब्जे कर रखे हैं जिसकी जांच के लिए लखनऊ से एक विशेष टीम बोर्ड द्वारा गठित की गई जो वक्फ संपत्तियों की जांच करेगी जिन प्रबंधक के शिकायतें हलफनामे मिले हैं उनकी जांच करने के बाद अगर दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें पद से निरस्त क्या जाएगा अध्यक्ष द्वारा कहा गया वक्फ संपत्तियों को बचाना हमारी जिम्मेदारी है जिसका हमें सरकार की तरफ से आदेश दिया गया है उसका कठोरता से पालन होगा इस मौके पर शिया वक्फ अध्यक्ष अली जैदी का अंजुमन के मेंबरों ने स्वागत किया सैयद इखतेदार नकवी लखते हसनैन तौसीफ हैदर सुदा नकदी आदि गण उपस्थित रहे

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के साथ नियमित टीकाकरण, सघन मिशन इन्द्रधनुष एवं कोविड-19 टीकाकरण के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला टास्कफोर्स बैठक सम्पन्न



मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के साथ ही नियमित टीकाकरण, सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान-4 एवं कोविड-19 टीकाकरण के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय टास्कफोर्स बैठक आयोजित की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने नेशनल हेल्थ मिशन, डिस्ट्रिक्ट टास्कफोर्स, नियमित टीकाकरण आदि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की गहनता पूर्वक बिन्दुवार समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने सहित स्वास्थ्य कार्यक्रमों को और अधिक जनोन्मुखी बनाने एवं गुणात्मक सुधार करने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी ने नियमित टीकाकरण की समीक्षा करते हुए मण्डल में पूर्ण प्रतिरक्षण का प्रतिशत सबसे कम पाये जाने पर खेद व्यक्त करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कडे निर्देश दिए कि आगामी माहों में आयोजित होने वाले टीकाकरण पर विशेष रणनीति बनाकर गुणात्मक सुधार लाना सुनिश्चित किया जाये। पर्यवेक्षण के दौरान 55 प्रतिशत सत्रों पर ए0एन0एम0 के पास अपडेट ड्यू लिस्ट पाये जाने, 86 प्रतिशत सत्रों पर सभी प्रकार की वैक्सीन व डायल्यूट पाए जाने तथा 28 प्रतिशत सत्रों पर सुपरवाईजरी विजिट पाये जाने पर जिलाधिकारी ने आगामी वित्तीय वर्ष में पूर्ण प्रतिरक्षित बच्चों के टीकाकरण शत प्रतिशत सत्रों पर ड्यू लिस्ट, वैक्सीन व लाजिस्टिक तथा शत प्रतिशत सत्रों पर सुपरवाईजरी विजिट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान-4 में पर्यवेक्षण के दौरान 99 प्रतिशत सत्र आयोजित होते पाये गये। 100 प्रतिशत सत्रों पर मोबीलाईजर की उपस्थिति व आई0ई0सी0 मेटेरियल की उपलब्धता पायी गयी। सभी विकास खण्डों व नगरीय क्षेत्रों में कोल्ड चैन सुदृढ पायी गयी। सत्रों का आयोजन ठीक रहा। माह मई 2022 अभियान में विकास खण्ड डिलारी, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद नगर जोन-2, 04, 07 में अपडेट ड्यू लिस्ट उपलब्धता शत प्रतिशत रही। विकास खण्ड कुन्दरकी, बिलारी, मुरादाबाद नगर में ए0एन0एम0 के पास सत्र पर हबकटर की उपलब्धता मानक के अनुरुप नही पाये जाने तथा विकास खण्ड भोजपुर एवं मुरादाबाद नगर में ए0एन0एम0 के पास ऐनाफलैक्सिस किट की उपलब्धता शत प्रतिशत नही पायी जाने पर जिलाधिकारी ने आगामी अभियान में उक्त की पुनरावृत्ति पाये जाने पर संबंधित दोषी कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये।

माह मई 2022 अभियान में 11 मई 2022 तक की रिपोर्ट के अनुसार 1598 नियोजित सत्रों के सापेक्ष 1585 सत्रों का आयोजन किया गया। लक्षित 6657 गर्भवती महिलाओं के सापेक्ष 5886 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। इसी प्रकार 24470 लक्षित 02 वर्ष के बच्चों के सापेक्ष 20321 बच्चों का टीकाकरण किया गया, जिस पर जिाधिकारी ने शेष दिवस में शत प्रतिशत टीकाकरण करने के निर्देश समस्त चिकित्साधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्साधिकारियों को दिये।

बैठक में बताया गया कि कोविड-19 कार्यक्रम के अर्न्तगत 12 से 14 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों का टीकाकरण आरम्भ हो चुका है, जिसके अंर्तगत 131410 लक्ष्य के सापेक्ष 39552 लाभार्थियों को प्रथम डोज व 6160 लाभार्थियों को द्वितीय डोज का टीकाकरण कराया जा चुका है। 15-17 आयुवर्ग के प्रथम डोज टीकाकरण के अर्न्तगत 212469 लक्ष्य के सापेक्ष प्रथम डोज 181720, द्वितीय डोज 116937, 18. आयु वर्ग के टीकाकरण में प्रथम डोज 106 प्रतिशत एवं 78 प्रतिशत लाभार्थियों को द्वितीय डोज के टीकाकरण से आच्छादित किया जा चुका है, जिस पर जिलाधिकारी ने द्वितीय डोज के टीकाकरण की उपलब्धि पर खेद व्यक्त करते हुए शत प्रतिशत टीकाकरण कराने के निर्देश दिये हैं। सुरक्षा योजना एवं टीकाकरण आदि की विस्तार से समीक्षा करते हुए ठीक प्रकार से कार्य कर दायित्वो का निष्ठापूर्वक निवर्हन करने के निर्देश चिकित्साधिकारियों को दिये हैं।

जिलाधिकारी ने प्रसव इकाईयों पर संसाधन उपलब्ध करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर डिलीवरी हो रही है वहां पर जो भी मैनपॉवर अथवा संसाधनों की आवश्यकता है सीएमओ वहां व्यवस्थाएं उपलब्ध करायें और ठीक प्रकार से पीएचसी पर सभी फैसिलिटी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। नियमित टीकाकरण में ड्यू लिस्ट खराब होने पर जिलाधिकारी ने अपडेट करने के निर्देश दिये।

## 03 शातिर अपराधियों पर गैंगेस्टर की कार्यवाही

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती -थाना मल्हीपुर पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1. आकाश नाग पुत्र माता प्रसाद निवासी नासिरगंज 2.फरारुद्दीन उर्फ वैधू पुत्र साबित खान उर्फ साबिर खान निवासी चंदनकोटिया 3. इमाम खान पुत्र जुमई खान निवासी चंदनकोटिया थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती के विरुद्ध धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही की गयी। इनका एक संगठित गिरोह है जिसका लीडर आकाश नाग है। अभियुक्तगणों द्वारा आर्थिक/भौतिक लाभ हेतु जनपद व वाह्य जनपदों में वाहन चोरी की घटनाए कारित की जाती रही है।चोरी की गई मोटरसाइकिलों के नंबर प्लेट आदि बदलकर राष्ट्र नेपाल में ले जाकर बेचते थे। विगत दिनों उक्त गिरोह को थाना मल्हीपुर पुलिस ने चोरी की 07 मोटरसाइकिलों के साथ पकड़ा था। जिस संबंध में थाना मल्हीपुर में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गई थी।

## थाई मांगुर मछली आयात व उत्पादन पर लगाई रोक

लंकीन प्रसाद वर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती - जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि थाई मांगुर थाई-मांगुर मछली का पालन, मत्स्य बीज आयात/उत्पादन/संचय, मछली का परिवहन एवं इनको खिलाये जाने वाले सड़े गले मांस के अवशेष/अपशिष्ट की आपूर्ति को पूर्णतया रोकने के लिये अपने स्तर से प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करायें। उन्होने निर्देश दिया कि मत्स्य विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण दल गठित कर तहसील क्षेत्र की मछली मण्डियों हैचारियों एवं तालाबों का सघन निरीक्षण किया जाये और प्रतिबन्धित थाई मांगुर के मत्स्य बीज/मछली की पहचान कर स्टाक का तत्काल विनिष्टीकरण सुनिश्चित किया जाये। कृत कार्यवाही की सूचना उपलब्ध कराई जाए।

## दिल्ली रोड के दो ब्लैक स्पॉट हुए खत्म,तीन तैयार



मुरादाबाद में एक्सीडेंट जोन कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। दिल्ली रोड व कांठ रोड पर डिवाइडर लगने के बाद भी कई ऐसे जगहों पर कट खुले छोड़ दिए गए है,जहां आए दिन हादसे हो रहे हैं। परिवहन विभाग के रिकार्ड में दस ब्लैक स्पॉट हैं,इसमें से दिल्ली रोड के दो ब्लैक स्पॉट बंद करा दिए गए हैं लेकिन दिल्ली रोड पर अभी भी तीन कट ऐसे हैं,जहां आए दिन एक्सीडेंट होते हैं,ब्लैक स्पॉट बने इन कट को बंद कराने को बनी कमेटी की नजर में यह कट अभी नहीं आ पाए हैं। जल्द ही इन तीन कट पर आवश्यक कदम न उठाए गए तो किसी भी दिन ये कट किसी की जान ले लेंगे। परिवहन विभाग की ओर से मुरादाबाद जिले में दस ब्लैक स्पॉट चिह्नित हैं। इसमें से सात ब्लैक स्पॉट पीडब्ल्यूडी के अधिकार वाले मार्गों पर हैं,वहीं तीन एनएचएआई के मार्गों पर हैं। दिल्ली रोड पर के दो ब्लैक स्पॉट टीएमयू और थाना पाकबड़ा कट बंद करा दिए गए हैं। इधर दो ब्लैक स्पॉट बंद हुए तो इसी रोड पर तीन कट नए ब्लैक स्पॉट बन चुके हैं। लोकोशेड मंदिर के सामने- मंदिर के सामने एक हिस्से को ट्रैफिक पुलिस ने सीमेंटेंट डिवाइडर न मिलने पर बैरीकेडिंग लगाकर बंद कर दिया लेकिन कुछ दिनों पहले बैरीकेडिंग को यहां से हटवा दिया गया, डिवाइडर न होने पर इसी स्थान पर स्कूटी सवार ट्रक से कुचल गया था।

## वर्तमान सरकार के कार्यकाल में दलितों के विकास के कार्यो में तेजी आई : डॉ. निर्मल

तकी रज़ा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



बरेली- माननीय अध्यक्ष, उ.प्र. अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि. डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने आज यहां में कहा कि। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में दलितों के विकास के कार्यों में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के अवसर के साथ आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उज्वला योजना, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से दलित समाज का सशक्तीकरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से सबसे अधिक लाभार्थी दलित, वंचित और गरीब समाज के लोग हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कोई भी सरकार दलितों के लिए समग्र विकास का एजेंडा नहीं लाई, यह पहली बार है कि वर्तमान सरकार दलितों के लिए सामाजिक और आर्थिक एजेंडा लेकर आई है। माननीय अध्यक्ष डॉ. निर्मल ने कहा कि वर्तमान केंद्र एवं प्रदेश सरकार न केवल दलितों का सशक्तिकरण कर रही है और बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर को सम्मान देने का कार्य भी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि आंबेडकर के जन्म स्थान महू छावनी, शिक्षा भूमि 10 किंग्स हेनरी रोड लंदन, दीक्षा भूमि नागपुर, परिनिर्वाण स्थल 26 अलीपुर रोड, दिल्ली तथा चैत्य भूमि जहां पर उनका अंतिम संस्कार हुआ है इन पांचों स्थानों को पंचतीर्थ घोषित कर भव्य स्मारक बनवाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार ने सभी सरकार कार्यालयों में डॉ. आंबेडकर का चित्र लगाना अनिवार्य कर दिया है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें भव्य प्रेक्षागृह, संग्रहालय, पुस्तकालय, वाचनालय, विपस्सना केन्द्र, अतिथि गृह, डॉ. आंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर शोध करने के लिए शोध केन्द्र भी प्रारंभ किया जा रहा है।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 वा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# New work culture

In the last two days, three incidents happened completely differently, but all three lead us in a positive direction. The latest news is from Jharkhand, where senior IAS officer Pooja Singhal was arrested by the Enforcement Directorate and presented in the court and has also obtained a five-day remand for questioning. Just a few days ago, when the Directorate's raid took place at his close ones, so many bags of notes were found that the whole country had pressed their fingers under their teeth after seeing their pictures. Singhal is the mining secretary of Jharkhand and it was only from these reports of raids that people could understand who is enriching the immense mineral wealth of this state. Along with this incident from Jharkhand, a news came from Uttar Pradesh. Chief Minister Yogi Adityanath on Wednesday transferred the Director General of Police of the state. The charges against him were- lack of interest in departmental work and indolence. This is perhaps the first time that such a senior officer has been transferred on the charge of inaction. The third news came from Indian Railways. The Railway Board forcibly retired 19 senior first class officers in a single day. These are the same officers who were found incompetent in reviewing the work. These officers had already been warned, but when things did not work out, they were given voluntary retirement. These decisions taken by the governments may surprise us, but this happens regularly in the private sector of the country. There is a strict system of review of the performance of all officers and employees in the corporate sector, persistent failures are shown the way out, and corruption is not tolerated in any way. This is the reason that the efficiency of the private sector is always much better than that of the government sector. If governments also adopt this work culture, then it is welcome. The bureaucracy has always been seen as the most obstinate part of the Indian system. There is a worldwide perception that the biggest obstacle to change in India is its bureaucracy, which has the ability to entangle any good policy in files and red tape. He has a lot of authority, but nothing long term accountability. To change this, administrative reforms commissions were also formed twice in the country, but most of their recommendations were handed over to those files, which are gathering dust till date. It is true that many things have changed in the way of administration with the advent of computer and information technology, but the truth is that the bureaucracy is still not completely controlled. One thing is certain that both the new dream of becoming a superpower of the country and the old ways of bureaucracy cannot go together. To make these dreams come true, the bureaucracy will have to be radically changed. So the change that is being seen gives great hope. However, just two-three good examples are not going to work anymore. It is necessary that at all levels of the bureaucracy there should be a permanent system that adapts it to a new work culture.


## Katrina Kaif is going to become a mother only after 6 months of marriage? Husband Vicky Kaushal told the whole truth

Bollywood actress Katrina Kaif and Vicky Kaushal are one of the favorite couples in the industry. Vicky and Katrina decided to get married after dating each other for a long time. 6 months ago both of them tied the knot. After just a few months of marriage, news started coming about Katrina that she is pregnant and going to be a mother soon. This thing started when Katrina was spotted at the Mumbai airport last month in loose-fitting clothes. Seeing her in loose-fitting clothes, people guessed that she was pregnant. After this, recently a report has come out that Katrina Kaif is two months pregnant. However, now a new thing has come out from the spokesperson of Vicky Kaushal. Now husband Vicky Kaushal has broken his silence on the news of Katrina Kaif's pregnancy. He has told all these things as mere rumours. Talking to Hindustan Times, Vicky Kaushal's team has told the truth on the pregnancy rumours. According to a team spokesperson, 'This report is false. This is a rumor and there is no truth in it. Soon after marriage, Vicky Kaushal and Katrina Kaif started shooting for their films. Katrina recently wrapped up the shooting of 'Tiger 3'. After this she is busy shooting for her new film 'Merry Christmas'. At present, Katrina has films like 'Jee Le Zara', 'Phone Bhoot', 'Tiger 3' and 'Merry Christmas'. On the work front, Vicky Kaushal will soon be seen in 'Sam Bahadur' and 'The Immortal Ashwatthama'. Apart from this, he is shooting for his new film. In this film, his opposite actress Sara Ali Khan will be in the lead role.



## On comparison with Shweta Tiwari, daughter Palak said – have heard taunts since childhood, but now...

Shweta Tiwari's daughter Palak Tiwari is dominating these days. From her music videos to films and social media, she is winning the hearts of fans. Let us tell you that whenever a star's children step into the industry, they always have a comparison with their parents. Now because Palak is also a part of this industry, the matter of comparison also arises between her and Shweta. Recently, Palak has given her reaction on this comparison. Palak said that he has to have a comparison with Shweta. Not only this, I have also grown up with this comparison. People used to taunt - Palak recently while talking to Entertainment Times said, 'I have heard a lot of comments like will it be as beautiful and talented as you? Because I look like my father Raja Chaudhary. Such people also say that hey it did not go on you. I then used to vent my anger by punching the pillow thinking that my life was spoiled because I don't look like my mother.' Shweta again explained- Palak told that Shweta used to explain to him again. She used to tell him that she looked very beautiful. So because of this Palak doesn't care about any comment anymore. Nor am I afraid of them because I know my mother has taught me a lot and I always respect her. Whatever I have learned about acting, I have learned by watching his work. If people say that I am not the best, then I agree because I have to do a lot of work now to reach my mother's level. Hope one day it will happen. Why quit TV in films - Palak was again asked why she thought of leaving TV and starting a career in films as she is making her Bollywood debut with the film Rosy. To this Palak said, 'I always wanted to work in films. I like this medium more. Although I also know that my mother has done everything on TV. So because of this if I work on TV then the pressure will be high. Not only will I explore that medium in films, but I will also make my own identity there.



## उप मुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल मोहनपुर को विकासखंड बनाने की मांग



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- कासगंज जनपद की सबसे पुरानी नगर पंचायत मोहनपुर को विकासखंड बनाए जाने की मांग को लेकर चुनाव से पूर्व 26 दिन चले आंदोलन के बाद फिर से शासन स्तर पर सक्रियता शुरू हो गई है। मोहनपुर अभियान के संयोजक भाजपा नेता डॉ प्रदीप रघुनंदन के नेतृत्व में मोहनपुर वासियों का एक प्रतिनिधिमंडल फिरोजाबाद पधारे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद से मिला द्य लोगों ने उप मुख्यमंत्री के सामने मोहनपुर को विकासखंड बनाए जाने की मांग रखते हुए यह स्पष्ट किया कि वर्ष 2016 से लेकर अब तक मोहनपुर को विकासखंड बनाए जाने के सभी मानक पूर्ण हो गए हैं और जिलाधिकारी महोदय तथा ग्राम विकास आयुक्त महोदय के स्तर पर इस संबंध में स्पष्ट संस्तुति शासन को भेजी जा चुकी है। मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि मोहनपुर को विकासखंड बनाए जाने की घोषणा शासन स्तर पर शीघ्र होगी। उन्होंने कहा कि योगी सरकार प्रदेश के चौमुखी विकास के लिए समर्पित है पूरे प्रदेश को सड़कों से जोड़ा जा रहा है,जहां जहां संभव है छोटे जनपद ,छोटे विकासखंड बनाए जाने की प्रक्रिया जारी है जिससे शासन का सीधा लाभ समाज के कमजोर से कमजोर वर्ग के लोगों को मिल सके और सरकार प्रभावी तरीके से जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतर सके। पटियाली विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक ममतेश शाक्य ने कहा कि सरकार जनहित में लगातार सक्रिय है और भी जब वह अमापुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक थे तो उन्होंने भी इस मांग को विधानसभा में उठाया था द्य उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर प्रभावी पहल की जाएगी और हर हाल में मोहनपुर को ब्लॉक बनाया जाएगा। भाजपा नेता एवं मिशन मोहनपुर अभियान के संयोजक डॉ प्रदीप रघुनंदन ने कहा कि मोहनपुर सबसे पुरानी नगर पंचायत होने के बावजूद भी जन सुविधाओं के लिए तरस रही है सरकार सबका साथ सबका विकास पद्धति पर कार्य कर रही है द्य उन्हें पूरा भरोसा है कि योगी सरकार निश्चित रूप से जनहित में मोहनपुर वासियों को मांग को स्वीकार करते क्षेत्रीय जनता की मांग को स्वीकार करेगी और मोहनपुर को विकासखंड घोषित किया जाएगा। इस अवसर पर टूंडला विधायक प्रेम पाल धनगर विवेक माथुर विनीत जोहरी विशाल श्रीवास्तव सुबोध मिश्रा आदर्श गुप्ता वैभव मिश्रा डॉ दिनेश शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग की छापामार टीम से झोलाछापों में दहशत - बाबसा बसुंधरा अवागढ जलेसर में झोलाछापों को थमाए नोटिस




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल एवं सीएमओ डा उमेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में डिप्टी सीएमओ ( अवैध चिकित्सा व्यवसाय ) डा सर्वेश कुमार की टीम द्वारा बाबसा में जनता क्लीनिक एवं वसुंधरा में राजू मेडीकल स्टोर के अन्दर संचालित अवैध क्लीनिक व किला रोड अवागढ पर डा. शिवकुमार के अवैध रूप से संचालित क्लीनिक पर छापामार कार्यवाही करते हुए रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र न दिखाने पर नोटिस थमाते हुऐ एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा गया है! इसी तरह जलेसर में डा. रामबाबू कुशवाह के रजिस्टर्ड हॉस्पीटल का भी निरीक्षण किया गया जहां रजिस्टर्ड चिकित्सक न पाऐ जाने पर जबाब मांगा गया है !

## शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे , दो दोस्त,बाइक सवार को कार ने रौंदा एक, घायल दूसरे की मौत गांव में पसरा सन्नाटा

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



अलीगढ- अकराबाद क्षेत्र के गांव जसरथपुर निवासी सतेंद्र पुत्र केवल सिंह अपने गांव से शादी समारोह में शामिल होने गए थे रात करीब 2:00 बजे घर वापस आ रहे थे जैसे ही ट्रामा सेंटर जसरथपुर पर पहुंचे रोड क्रॉस करते समय कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को जिला अस्पताल के लिए मलखान सिंह भेजा मलखान सिंह के जाते हुए रास्ते में ही सतेंद्र पुत्र केवल सिंह ने रास्ते मे ही दम तोड़ दिया एक की हालत गंभीर बनी हुई है मृतक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा मृतक अपने पीछे दो मासूम बच्चों को रोते बिलखते छोड़ गया, है

## दो जिन्दगि यों के साथ दो प्रेम प्रसंगों का अन्त , दोनो हत्याओं का आरोपी गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा- रहीस अहमद पुत्र मजीद नि. मो. मोहन ने थाना कासगंज में एक तहरीर दी कि उसका पुत्र चांद मियां उसी दिन गाँव ढिलावली, थाना कासगंज . जाने की कह कर घर से गया था लेकिन वापस नहीं आया, पुलिस द्वारा गुमशुदगी दर्ज कर बरामदगी के प्रयास किये गए लेकिन बरामदगी नहीं हो सकी! कुछ दिन पूर्व चांद मियां का रिश्ते दार शादाब पुत्र शहजाद और जाकिर पुत्र रहीस कपड़े की फेरी लगाने गाँव ढिलावली गये जहाँ उनके द्वारा गाँव के ही कुछ लोगों द्वारा पता लगा कि मदनलाल उर्फ पुत्तू लाल ने अपने किसी साथी के साथ चाद मियाँ की हत्या संभावित है! उक्त बात का पता चलने पर रहीस ने थाना कोतवाली कासगंज में पुन: लिखित तहरीर 11/05/22 को दी जिसमें मदन लाल उर्फ पुत्तू लाल पुत्र परसादी के खिलाफ 271/22 धारा 302 में मुकदमा पंजीकृत किया गया! घटना की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक रोहन प्रमोद बोत्रे द्वारा सी ओ सदर दीप कुमार पंत के नेतृत्व में टीम का गठन कर तथ्यों सहित घटना का सफल अनावरण करने के निर्देश दिए! पुलिस ने तथ्यों के आधार पर मदन लाल को हिरासत में ले पूछताछ शुरू कर दी! मदन लाल ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले रहीस उसके पास आया था तथा उसने बताया था कि हम पिता द्रुपुत्र बकरी चराते है, हमारे पास बकरी बाधने की जगह नहीं है , उसने घर के बराबर में ही जगह दे दी, रहीस और उसका लडका चांद मियां उसके घर में रहने लगे, चांद मियां ने नमक हरामो करते हुए, मदनलाल की बेटी से संबंध बना लिए पता चलने पर उसने चांद मियां की मारपीट भी की और उसे घर से भगा दिया, लेकिन चांद मियां माना नहीं और गांव में आवाजाही जारी रखी, जब मदनलाल परेशान हो गया तो उसने गाँव के ही एक दोस्त बुद्ध सेन पुत्र राजाराम के साथ मिलकर 4/7/21 को चांद मियां को बुलाकर शराब पिलाई और फिर अमर पुर घाट पर ले जाकर सिर में पत्थर मारकर ठिकाने लगा दिया और लाश काली नदी में फैक दी! उसने पुलिस को बताया कि घटना के बाद से ही बुद्ध सेन का उसके घर काफी आना जाना हो गया और बुद्ध सेन ने भी मजबूरी का फायदा उठाते हुए उसकी पत्नी मूर्ति देवी से अवैध संम्बंध बना लिए, और उसपर दवाब बनाने लगा कि उसे घर आने जाने से रोका तो वह चांद मियां की हत्या को खोल देगा, इस पर तंग आकर अपनी पत्नी मूर्ति देवी के साथ मिलकर देशी तमंचे से गोली मारकर कर तथा हंसिये से सिर पर चोट मारकर बुद्ध सेन की हत्या कर दी जिसका मुकदमा मु.अ. सं. 471/21 धारा 302 के अन्तर्गत थाना कासगंज में दर्ज है, इस तरह बफा का बदला बेवफाई पुत्तू लाल को मिला और दो जिन्दगियों के साथ फिल्मी कहानी की तर्ज पर दो प्रेम प्रसंगों का अन्त हो गया! पुलिस ने मदनलाल उर्फ पुत्तू लाल तथा उस की पत्नी मूर्ति देवी को हत्या में प्रयुक्त देसी तमंचे , हसिया सहित, तथा चांद मियां के आधार कार्ड सहित गिरफ्तार कर लिया!

## छात्र भूमिक शर्मा को किया पढ़ने हेतु प्रोत्साहित

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा -43 वी वाहिनी पीएसी एटा के कमांडेट आदित्य प्रकाश वर्मा ने निर्धन छात्र की संपूर्ण फीस जमा कर छात्र भूमिक शर्मा को किया पढ़ने हेतु प्रोत्साहित 43 वाहिनी पीएसी एटा के कमांडेंट आईपीएस अधिकारी आदित्य प्रकाश वर्मा ने छात्र भूमिक शर्मा पुत्र नीरज शर्मा माता का नाम सरिता शर्मा पता मधुगढ़ी पटवारी वाली गली मथुरा रोड हाथरस का प्रवेश सरस्वती विद्या मन्दिर में कक्षा 08 में कराया और उसकी पूरी फीस 16000+1789=17789 स्वयं जमा करी। विदित हो कि आईपीएस अधिकारी आदित्य प्रकाश वर्मा गरीब बेसहारा असहाय लोगों की समय समय पर मदद करते रहते हैं इससे पहले आदित्य प्रकाश वर्मा 43 वाहिनी पीएसी परिसर के अंदर स्थित प्राथमिक विद्यालय की छात्रा शगुफ्ता की पढ़ाई की जिम्मेदारी भी ले चुके हैं शगुफ्ता ने 39 का पहाड़ा बिना रुके सुनाया था इसी से प्रसन्न होकर आदित्य प्रकाश वर्मा ने उसकी पढ़ाई जहां तक ना चाहे उसका खर्चा स्वयं वहन करने का वादा सगुफ्ता के परिजनों से किया।समय समय पर गरीब, बेसहारा, प्रतिभाशाली छात्रों की सहायता करने के क्रम में छात्र भूमिक शर्मा का कक्षा 8 में एडमिशन करा कर उसकी पूरी फीस स्वयं जमा करी।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों की ली बैठक, थाना स्तर पर पुलिस कार्य प्रणाली को मजबूत करने के दिये निर्देश



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- जिले के थाना-चौकी स्तर पर पुलिस कार्य प्रणाली, कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, पुलिस अधिकारियों के कार्य निष्पादन की क्षमता में बढ़ोत्तरी एवं तकनीकी वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ बेहतर पुलिसिंग करने तथा आमजनों के लिए सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण को लेकर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने बुधवार, 11 मई 2022 को जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के एसआई व एएसआई की बैठक ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों के थाना-चौकी स्तर पर किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए थानों के कार्यो को सुदृढ़ बनाने को लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने विवेचकों के कार्य निष्पादन की क्षमता में बढ़ोत्तरी, बेहतर पुलिसिंग कर आमजनता की समस्याओं को सुनने और उसका जल्द निराकरण अंकुश लगाने तत्परता के साथ कार्य करने, अपराधों के पंजीयन में कोताही न बरतने, थानों में आने वाले फरियादी आगंतुक को किसी तरह की परेशानी न होने देने, पीड़ित को न्याय दिलवाने के लिए त्वरित गति से निष्पक्षता के साथ में अनुसंधान पूर्ण करने के निर्देश दिए। अवैध कारोबार व अवैधानिक गतिविधियों पर पूर्णतः रोक लगाने तथा ऐसी अवैधानिक गतिविधियां करने वालों के विरूद्ध तत्काल कड़ी कार्यवाही करने सख्त निर्देश दिए। अपराधों के अनुसंधान में आधुनिक तकनीक का उपयोग एवं सीसीटीएनएस के कार्यो में रूचि लेने के भी निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश डीएसपी नंदिनी ठाकुर, प्रशिक्षु डीएसपी दीपमाला कुर्रे, स्थापना प्रभारी अखिलेश सिंह सहित विभिन्न थाना-चौकी में पदस्थ एसआई व एएसआई मौजूद रहे। थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ रखे अच्छा व्यवहार, पीडित को दिलाये तुरंत न्याय। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त विवेचकों को थाना-चौकी में आने वाले फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिये तथा उनके द्वारा प्राप्त शिकायतों पर तुरंत विधीसम्मत कार्यवाही करते हुए उनको तुरंत न्याय दिलाने कहा ताकि आमजन में पुलिस की सकारात्मक छवि और मजबूत हो सके।

# कलेक्टर ने की जिले में चल रहे निर्माण कार्यो की समीक्षा निर्माण कार्य गुणवत्ता युक्त पूर्ण हो- कलेक्टर



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में चल रहे निर्माण कार्यों एवं जिले के प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा की गई घोषणा एवं दिए गए निर्देश के संबंध में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, जल संसाधन विभाग, सेतु, गृह निर्माण मंडल, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं राष्ट्रीय राजमार्ग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सड़क, पुल पुलिया, भवन निर्माण के कार्य विभाग के चल रहे पूर्ण, अपूर्ण, प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य कर समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रारंभ नहीं हुए हैं उनका टेंडर प्रक्रिया की कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। जहां रोड खराब है उन्हें बरसात से पूर्व तक सही करने कहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री प्रवास के दौरान किए गए निर्माण कार्यों की घोषणा के स्थल का चयन कर प्रपोजल एवं एस्टीमेट बनाकर शासन को समय अवधि में भेजने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नेशनल हाईवे 43 के निर्माण कार्यों की जानकारी ली तथा जिन स्थलों के लिए मुआवजा राशि वितरण किया जाना है समय अवधि में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ओडगी से बिहारपुर तक प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत बनाए जा रहे कार्यों की जानकारी लेकर गुणवत्ता की जांच कर समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दी। उन्होंने सभी शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग लगाने निर्देशित किया तथा सभी अधिकारियों को शासकीय भवनों की सूची उपलब्ध कराने निर्देशित किया है। उन्होंने अधिकारी, कर्मचारियों के लिए आवास भवन विभिन्न ब्लॉकों में बन रहे हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण करने निर्देशित किया है जिससे अधिकारी एवं कर्मचारियों को सही समय में आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

## जिला चिकित्सालय में समय पर अनुपस्थित चिकित्सा अधिकारी और अन्य स्टॉफ को कारण बताओ नोटिस जारी

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही -कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर आज सुबह 9 बजे सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ० कौशल प्रसाद द्वारा जिला अस्पताल के ओ.पी.डी. कक्ष, आई.पी.डी. कक्ष, एक्स-रे, प्रसव कक्ष, पैथोलैब, ड्रेसिंग, दवा वितरण कक्ष डायलिसिस, आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समय पर अनुपस्थित चिकित्सा अधिकारियों तथा अन्य स्टॉफ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है । कलेक्टर ने अनुपस्थित स्टॉफ के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये है ।

## नव पदस्थ जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम ने पदभार ग्रहण की

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर- नव पदस्थ जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम ने आज पदभार ग्रहण की। उन्होंने जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा आपसी समन्वय कर टीम भावना से कार्य करने कहा। गौरतलब है कि सुश्री लीना कोसम राज्य प्रशासनिक सेवा 2008 की अधिकारी हैं। पूर्व में जांजगीर-चांपा में अपर कलेक्टर के पद पर पदस्थ थी।

# कलेक्टर ने गौरेला विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों का किया औचक निरीक्षण



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही - कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जनपद पंचायत गौरेला के माध्यमिक शाला देवरगांव, प्राथमिक शाला सधवानी और ठाड़पथरा क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने माध्यमिक शाला देवरगांव में बच्चों के लिए व्यवस्थित रूप से शौचालय बनाए जाने तथा कार्यालयीन स्टॉफ के शौचालयों में नियमित साफ-सफाई रखे जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने प्रधान पाठक देवरगांव को स्कूल कैंपस को विकसित करने और बच्चों के लिए कबड्डी, बॉलीबाल तथा अन्य खेलों के मैदान तैयार करने के लिए योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। उन्होने शासकीय प्राथमिक शाला सधवानी में बच्चों के पढ़ने के लिए इजीएल सेंटर (पुस्कालय कक्ष) को रंगाई, पोताई तथा अन्य तरीकों से आकर्षक बनाए जाने कहा जिससे बच्चों को पढ़ने के लिए सकारात्मक वातावरण मिल सके। इसके साथ ही उन्होने जिले में इकोटूरिज्म को बढ़ावा देने तथा पर्यटकों को प्राकृतिक आवास उपलब्ध कराने के लिए मिट्टी के घरों का निर्माण कराए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत गौरेला के मुख्य कार्य पालन अधिकारी श्री यशपाल सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गौरेला श्री संजय वर्मा तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, सरपंच, सचिव आदि उपस्थित थे।

# कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय ओड़गी मे समर कैम्प उपरांत प्रदर्शनी का आयोजन



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर-ओडगी - कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय ओड़गी द्वारा समर कैम्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था, जिसमे छात्राओ ने प्रशिक्षण लेकर अपने कलाओ का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि ग्राम पटेल धर्मसाय राजवाड़े विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेता अवधेश गुर्जर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता बीआरसीसी नरेन्द्र दुबें द्वारा किया गया। प्रदर्शनी कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं श्रीफल चढाकर किया गया । प्रदर्शनी मे छात्राओं के द्वारा देहाती चुल्हा झालर झूमर प्लेट ऊन का झूमर पावदान पेन स्टैंड गुलदस्ता क्राफ्ट टी.वी. कवर चटाई फाक सलवार शूट दरवाजा पर्दा चित्रकला बागवानी कला फोटो फ्रेमींग पाक कला योगा खेलकूद संगीत तथा विशेष कोचिंग हिन्दी एवं गणित का दिया गया। समर कैम्प मे उपस्थित मुखयअतिथी विशिष्ट अतिथि पत्रकार बन्धुओं अभिभावकों के द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। साथ ही पाक कला पर आधारित मिठाई का टेस्ट किया गया । समर कैम्प मे उपस्थित सुब्रतानी मिंज अधीक्षिका जय कृपा पार्ट टाइम शिक्षिका अमृता तिग्गा बुनाई कढाई क्राफ्ट ट्रेनर सुशील ज्योति योगा खेलकूद व अंगेजी कोचिंग अवसीना मिंज पार्ट टाइम टीचर सुरेन्द्र यादव ने समर कैम्प मे छात्राओ को विशेष प्रशिक्षण दिये। एवं कु.दिलासो कु.दीपिका खैरवार कु.ज्योति पैकरा कु.सीमा यादव कु. सुन्दरी पंण्डो कु. अनुरिआ कुजूर कु. पूजा यादव कु. लक्षमनिया . वंदना एवं अन्य छात्राओ ने समर कैम्प का लाभ लिया और अपने कलाओं का प्रदर्शनी किया।